# 5

# शब्दों का तार्किक क्रम

*शब्दों का ऐसा व्यवस्थित क्रम जो सर्वमान्य मान्यताओं तथा प्रकृति के नियमों एवं सिद्धान्तों के अनुरूप हो, उस क्रम को शब्दों का तार्किक क्रम (Logical Order of Words) कहते हैं। तार्किक क्रम में आने वाले शब्द वास्तविकता एवं सत्यता पर आधारित होते हैं।*

इस अध्याय के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में चार, पाँच या छः शब्द दिए गए होते हैं, जो आपस में एक-दूसरे से किसी-न-किसी प्रकार से सम्बन्धित होते हैं अर्थात् उनमें आपस में कोई-न-कोई विशेष सम्बन्ध रहता है, परन्तु इनका क्रम अव्यवस्थित होता है जिसे अर्थपूर्ण क्रम में (बढ़ते अथवा घटते क्रम में) व्यवस्थित करना होता है।

*शब्दों के तार्किक क्रम पर आधारित निम्न प्रकार के प्रश्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते हैं*

## प्रकार ❶ घटना या समूह के आधार पर

इस प्रकार के प्रश्नों में दिए गए शब्द किसी घटना या प्रक्रिया के विभिन्न चरणों या किसी विशेष समूह को दर्शाते हैं। अभ्यर्थियों को इन घटनाओं या समूह या शब्दों या प्रक्रियाओं को प्रश्नानुसार तार्किक क्रम में व्यवस्थित करना होता है।

**उदाहरण 1.** निम्नलिखित शब्दों को अर्थपूर्ण तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें। **[SSC (Steno) 2017]**

(i) पेड़ (ii) पुस्तक
(iii) कागज (iv) जिल्दसाजी

(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (ii), (iv), (i), (iii)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (i), (iii), (ii), (iv)

**हल** (d) दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है

पेड़ → कागज → पुस्तक → जिल्दसाजी
(i) (iii) (ii) (iv)

क्योंकि पेड़ से कागज बनता है, कागज से पुस्तक बनती है और पुस्तक के ऊपर जिल्दसाजी चढ़ाई जाती है।

**उदाहरण 2.** निम्नलिखित को एक अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए। **[CGPSC 2016]**

(i) भारत (ii) विश्व (iii) एशिया
(iv) छत्तीसगढ़ (v) पृथ्वी

(a) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(b) (v), (iv), (iii), (ii), (i)
(c) (iv), (i), (iii), (ii), (v)
(d) (i), (iv), (ii), (v), (iii)
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**हल** (c) दी गई इकाइयों को निम्नतर से उच्चतर क्रम में व्यवस्थित किया जा सकता है

छत्तीसगढ़ (राज्य) → भारत (देश) → एशिया (महाद्वीप)
(iv) (i) (iii)
→ विश्व (सभी महाद्वीपों का समूह) → पृथ्वी
(ii) (v)

**उदाहरण 3.** छोटी इकाई से शुरुआत करते हुए और आगे बड़ी इकाई की ओर बढ़ते हुए निम्नलिखित इकाइयों को सही क्रम में लगाइए। **[UGC NET 2018]**

(i) किलोबाइट (ii) बाइट (iii) मेगाबाइट
(iv) टेराबाइट (v) गीगाबाइट (vi) बिट

अपना उत्तर निम्नलिखित कूट में से दीजिए।

(a) (vi), (ii), (i), (iii), (v), (iv) (b) (vi), (ii), (i), (iv), (iii), (v)
(c) (vi), (ii), (i), (iii), (iv), (v) (d) (vi), (ii), (i), (iv), (v), (iii)

**हल** (a) दी गई इकाइयाँ कम्प्यूटर मेमोरी के मापने की हैं, जिनका बढ़ता हुआ क्रम निम्नवत् है

बिट → बाइट → किलोबाइट → मेगाबाइट → गीगाबाइट → टेराबाइट
(vi) (ii) (i) (iii) (v) (iv)

## प्रकार ❷ अंग्रेजी शब्दकोश के आधार पर

इस प्रकार के प्रश्नों में अंग्रेजी के कुछ शब्द दिए गए होते हैं। अभ्यर्थियों को इन दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम या शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करना होता है तथा प्रश्नानुसार सही विकल्प का चयन करना होता है।

**उदाहरण 4.** नीचे दिए गए शब्दों के विकल्पों में कौन-सा विकल्प शब्दकोश के क्रमानुसार है?

(i) Tinned (ii) Timber (iii) Tinkle
(iv) Thunderstorm (v) Thursday **[SSC (10 + 2) 2018]**

(a) (v), (iii), (ii), (i), (iv) (b) (ii), (i), (iii), (iv), (v)
(c) (iv), (v), (ii), (iii), (i) (d) (i), (iii), (iv), (ii), (v)

**हल** (c) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है

Thunderstorm → Thursday → Timber → Tinkle → Tinned
(iv) (v) (ii) (iii) (i)

**उदाहरण 5.** यदि शब्दों को, जिस क्रम में वे शब्दकोश में आते हैं, उन्हें उसके उल्टे क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो तीसरे स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा? **[SSC (CGL) 2015]**

(a) Occulist (b) Odium
(c) Odious (d) Ordeum

**हल** (c) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है

Occulist ⟶ Odious ⟶ Odium ⟶ Ordeum

प्रश्नानुसार, शब्दों का उल्टा क्रम

Ordeum ⟶ Odium ⟶ Odious ⟶ Occulist
1 2 3 4

अतः तीसरे स्थान पर Odious आएगा।

# प्रैक्टिस सेट

**निर्देश** (प्र.सं. 1-8) *दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए चार शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?*

**1.** (i) चाबी (ii) दरवाजा (iii) ताला (iv) कक्ष **[UPSSSC 2018]**
(a) (iv), (ii), (i), (iii) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iii), (ii), (iv) (d) (i), (ii), (iv), (iii)

**2.** (i) पौधा (ii) बीज (iii) फल (iv) अंकुरण **[SSC (CGL) 2014]**
(a) (iii), (ii), (iv), (i) (b) (iv), (ii), (iii), (i)
(c) (ii), (iii), (i), (iv) (d) (iv), (i), (iii), (ii)

**3.** (i) किसान (ii) बीज (iii) भोजन (iv) खेती (जुताई) **[SSC (MTS) 2014]**
(a) (i), (ii), (iv), (iii) (b) (ii), (i), (iii), (iv)
(c) (iv), (ii), (iii), (i) (d) (iii), (i), (iv), (ii)

**4.** (i) प्रौढ़ता (ii) शैशव (iii) बचपन (iv) किशोरावस्था **[SSC (10+2) 2014]**
(a) (i), (iii), (iv), (ii) (b) (ii), (iii), (iv), (i)
(c) (ii), (iv), (iii), (i) (d) (i), (ii), (iii), (iv)

**5.** (i) बुनाई (ii) रूई (iii) कपड़ा (iv) धागा **[SSC (MTS) 2014]**
(a) (ii), (iv), (i), (iii) (b) (ii), (iv), (iii), (i)
(c) (iv), (ii), (i), (iii) (d) (iii), (i), (iv), (ii)

**6.** (i) पौधा (ii) फल (iii) बीज (iv) फूल **[SSC (10+2) 2013]**
(a) (iii), (ii), (iv), (i) (b) (iii), (i), (ii), (iv)
(c) (iii), (i), (iv), (ii) (d) (iii), (ii), (i), (iv)

**7.** (i) संध्या प्रकाश (ii) उषाकाल (iii) दोपहर (मध्याह्न) (iv) रात्रि **[SSC (10+2) 2013]**
(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (ii), (iii), (i), (iv)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (i), (iii), (ii), (iv)

**8.** (i) महासागर (ii) तालाब (iii) नदी (iv) समुद्र **[SSC (Constable) 2012]**
(a) (i), (iii), (ii), (iv) (b) (ii), (iii), (iv), (i)
(c) (iii), (ii), (i), (iv) (d) (iv), (i), (iii), (ii)

**निर्देश** (प्र.सं. 9-16) *दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए पाँच शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?*

**9.** (i) आभूषण (ii) सोना (iii) सुनार (iv) आभूषण की दुकान (v) दुल्हन **[SSC (CPO) 2018]**
(a) (ii), (iii), (i), (iv), (v)
(b) (ii), (v), (iv), (iii), (i)
(c) (iv), (ii), (v), (iii), (i)
(d) (ii), (iv), (v), (i), (iii)

**10.** (i) आय (ii) रुतबा (iii) शिक्षा (iv) तंदुरुस्ती (v) नौकरी **[RRB (NTPC) 2016]**
(a) (i), (iii), (ii), (v), (iv)
(b) (i), (ii), (v), (iii), (iv)
(c) (iii), (i), (v), (ii), (iv)
(d) (iii), (v), (i), (ii), (iv)

**11.** (i) मुद्रक (ii) प्रकाशक (iii) लेखक (iv) सम्पादक (v) विक्रेता **[SSC (Steno) 2016]**
(a) (ii), (iii), (iv), (i), (v)
(b) (iii), (iv), (ii), (i), (v)
(c) (iii), (iv), (i), (ii), (v)
(d) (ii), (iv), (iii), (v), (i)

**12.** (i) मेंढक (ii) गरुड़ (iii) टिड्डा (iv) साँप (v) घास **[SSC (CGL) 2015]**
(a) (iii), (iv), (ii), (v), (i)
(b) (i), (iii), (v), (ii), (iv)
(c) (v), (iii), (i), (iv), (ii)
(d) (v), (iii), (iv), (ii), (i)

**13.** (i) देश (ii) जिला (iii) राज्य (iv) ग्राम (v) महाद्वीप **[SSC (CPO) 2013]**
(a) (v), (iv), (iii), (ii), (i)
(b) (i), (iii), (ii), (v), (iv)
(c) (iv), (ii), (iii), (i), (v)
(d) (ii), (i), (iii), (v), (iv)

**14.** (i) तूफान (ii) वर्षा (iii) बाढ़ (iv) मानसून (v) क्षति **[Delhi Police (Constable) 2013]**
(a) (ii), (iii), (i), (iv), (v)
(b) (v), (iv), (iii), (ii), (i)
(c) (iv), (v), (ii), (iii), (i)
(d) (iv), (i), (ii), (iii), (v)

**15.** (i) निदान (ii) चिकित्सक (iii) बीमार (iv) इलाज (v) स्वास्थ्य-लाभ **[SSC (10+2) 2012]**
(a) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(b) (iii), (ii), (i), (iv), (v)
(c) (ii), (i), (iii), (iv), (v)
(d) (iv), (v), (i), (iii), (ii)

**16.** (i) परिवीक्षा (प्रोबेशन) (ii) साक्षात्कार (iii) चयन (iv) नियुक्ति (v) विज्ञापन **[SSC (FCI) 2012; SSC (Steno) 2012]**
(a) (v), (ii), (iii), (iv), (i)
(b) (v), (iii), (ii), (i), (iv)
(c) (v), (iv), (ii), (iii), (i)
(d) (iv), (v), (i), (ii), (iii)

**निर्देश** (प्र.सं. 17-21) *दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए छः शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?*

**17.** (i) दवा (ii) रोग की पहचान (iii) परामर्श (iv) बीमारी (v) स्वास्थ्य लाभ (vi) डॉक्टर **[SSC (CGL) 2018]**
(a) (iv), (vi), (iii), (ii), (i), (v)
(b) (ii), (vi), (iv), (i), (iii), (v)
(c) (iv), (vi), (ii), (iii), (i), (v)
(d) (iv), (vi), (i), (iii), (ii), (5)

**18.** (i) अध्याय (ii) शब्द (iii) अक्षर (iv) वाक्यांश (v) अनुच्छेद (vi) वाक्य **[SSC (CPO) 2018]**
(a) (ii), (iii), (iv), (i), (vi), (v)
(b) (iii), (ii), (iv), (vi), (i), (v)
(c) (iii), (ii), (iv), (vi), (v), (i)
(d) (iii), (ii), (vi), (iv), (v), (i)

**19.** (i) नदिका (ii) सागर (iii) सहायक नदी (iv) नदी (v) समुद्र (vi) वर्षा **[SSC (CPO) 2015]**
(a) (vi), (v), (iii), (i), (ii), (iv)
(b) (v), (vi), (i), (iii), (ii), (iv)
(c) (vi), (i), (iii), (iv), (v), (ii)
(d) (vi), (iv), (i), (iii), (v), (ii)

**20.** (i) दही (ii) दूध (iii) छाछ (iv) गाय (v) घी (vi) मक्खन **[SSC (10+2) 2014]**
(a) (ii), (v), (vi), (iv), (i), (iii)
(b) (iv), (vi), (ii), (i), (iii), (v)
(c) (iv), (ii), (i), (iii), (vi), (v)
(d) (ii), (vi), (iv), (v), (iii), (i)

**21.** (i) तना (ii) जड़ (iii) फल (iv) फूल (v) शाखा (vi) पत्ती **[BSF (Constable) 2009]**
(a) (ii), (i), (v), (vi), (iv), (iii)
(b) (iv), (v), (vi), (i), (iii), (ii)
(c) (i), (ii), (iv), (iii), (v), (vi)
(d) (vi), (iv), (v), (iii), (ii), (i)

**निर्देश** (प्र.सं. 22-24) *दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक आरोही क्रम दर्शाता है?*

**22.** (i) प्रेषण (ii) कूटबद्ध करना
(iii) आदान (प्राप्ति) (iv) कूटानुवाद
**[SSC (10+2) 2013]**
(a) (ii), (iv), (iii), (i)
(b) (iv), (ii), (i), (iii)
(c) (i), (ii), (iii), (iv)
(d) (ii), (i), (iii), (iv)

**23.** (i) 0640 घण्टे (ii) 1930 घण्टे
(iii) 1335 घण्टे (iv) 2000 घण्टे
**[SSC (Constable) 2013]**
(a) (iv), (ii), (iii), (i) (b) (i), (iv), (iii), (ii)
(c) (i), (ii), (iii), (iv) (d) (i), (iii), (ii), (iv)

**24.** (i) कलेक्टर (ii) गवर्नर
(iii) मुख्य सचिव (iv) राष्ट्रपति
(v) क्लर्क **[SSC (Steno) 2012]**
(a) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(b) (v), (i), (iii), (ii), (iv)
(c) (v), (i), (iii), (iv), (ii)
(d) (v), (i), (iv), (iii), (ii)

**निर्देश** (प्र.सं. 25 और 26) *दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक अवरोही क्रम दर्शाता है?*

**25.** (i) मेजर (ii) कप्तान
(iii) कर्नल (iv) ब्रिगेडियर
(v) लैफ्टिनेन्ट जनरल **[SSC (CGL) 2013]**
(a) (v), (iv), (iii), (i), (ii)
(b) (v), (i), (iv), (ii), (iii)
(c) (iv), (v), (i), (iii), (ii)
(d) (iii), (iv), (ii), (v), (i)

**26.** (i) महासागर (ii) नदिका (नाला)
(iii) समुद्र (iv) हिमनदी (ग्लेशियर)
(v) नदी
(a) (iv), (i), (iii), (ii), (v)
(b) (i), (iii), (v), (ii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii), (v)
(d) (v), (iii), (i), (ii), (iv)

**निर्देश** (प्र.सं. 27-30) *दिए गए शब्दों के विकल्पों में कौन-सा विकल्प अंग्रेजी शब्दकोश के क्रम के अनुसार है?*

**27.** (i) Directorial (ii) Directory
(iii) Directive (iv) Directional
**[SSC (CPO) 2016]**
(a) (i), (iii), (iv), (ii) (b) (iii), (iv), (ii), (i)
(c) (iii), (iv), (i), (ii) (d) (iv), (iii), (i), (ii)

**28.** (i) Necrology
(ii) Necromancy
(iii) Necropolis
(iv) Necrophilia **[SSC (CGL) 2014]**
(a) (ii), (i), (iv), (iii) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (ii), (iv), (iii) (d) (ii), (i), (iii), (iv)

**29.** (i) Important (ii) Impart
(iii) Improvise (iv) Improve
**[SSC (10+2) 2013]**
(a) (i), (ii), (iii), (iv)
(b) (ii), (i), (iv), (iii)
(c) (iii), (iv), (i), (ii)
(d) (ii), (i), (iii), (iv)

**30.** (i) Aqueous (ii) Aquarium
(iii) Aquiline (iv) Aquatic
**[SSC (10+2) 2013]**
(a) (iv), (iii), (ii) (i)
(b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (ii), (iv), (i), (iii)
(d) (iii), (i), (iv), (ii)

**निर्देश** (प्र. सं 31-39) *निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश में आने वाले क्रम के अनुसार लिखें।*

**31.** (i) Philosopher (ii) Pharmacy
(iii) Piercing (iv) Salesman
(v) Saleswoman **[SSC (10+2) 2018]**
(a) (ii), (i), (iii), (iv), (v)
(b) (v), (iii), (ii), (i), (iv)
(c) (iii), (iv), (ii), (i), (v)
(d) (ii), (iv), (v), (i), (iii)

**32.** (i) Drink (ii) Drinking
(iii) Drive (iv) Dictionary
(v) Dracula **[SSC (CPO) 2017]**
(a) (iv), (v), (i), (ii), (iii)
(b) (iv), (i), (v), (iii), (ii)
(c) (iv), (ii), (v), (i), (iii)
(d) (iv), (v), (ii), (i), (iii)

**33.** (i) Mobile (ii) Mandate
(iii) Mandarin (iv) Monkey
(v) Master **[SSC (CPO) 2017]**
(a) (iii), (ii), (v), (i), (iv)
(b) (iii), (i), (ii), (v), (iv)
(c) (iii), (v), (ii), (iv), (i)
(d) (iii), (v), (ii), (i), (iv)

**34.** (i) Analyze (ii) Assignation
(iii) Arrival
(iv) Assassination
(v) Analyst **[SSC (CPO) 2016]**
(a) (i), (iii), (v), (ii), (iv)
(b) (v), (i), (iii), (iv), (ii)
(c) (i), (iv), (ii), (v), (iii)
(d) (ii), (iv), (v), (i), (iii)

**35.** (i) Fenestration (ii) Feather
(iii) Feed head (iv) Feature
(v) Feminine **[SSC (CPO) 2015]**
(a) (iv), (ii), (iii), (v), (i)
(b) (ii), (iv), (i), (v), (iii)
(c) (ii), (iv), (iii), (v), (i)
(d) (iv), (ii), (iii), (i), (v)

**36.** (i) Banquet (ii) Bangle
(iii) Bandage (iv) Bantam
(v) Bangalore **[BSSC (CGL) 2014]**
(a) (iii), (ii), (iv), (v), (i)
(b) (iii), (v), (ii), (i), (iv)
(c) (iii), (ii), (i), (v), (iv)
(d) (iii), (ii), (v), (i), (iv)

**37.** (i) Live (ii) Litter
(iii) Little (iv) Literacy
(v) Living **[SSC (CGL) 2014]**
(a) (iii), (iv), (ii), (i), (v)
(b) (iii), (ii), (iv), (v), (i)
(c) (iv), (iii), (v), (ii), (i)
(d) (iv), (ii), (iii), (i), (v)

**38.** (i) Ambitious (ii) Ambiguous
(iii) Ambiguity (iv) Animation
(v) Animals **[SSC (CGL) 2013]**
(a) (iii), (ii), (iv), (i), (v)
(b) (iii), (ii), (v), (iv), (i)
(c) (iii), (ii), (i), (v), (iv)
(d) (iii), (ii), (iv), (v), (i)

**39.** (i) Divide (ii) Division
(iii) Devine (iv) Divest
(v) Direct **[SSC (CPO) 2013]**
(a) (v), (iv), (iii), (i), (ii)
(b) (v), (iv), (i), (iii), (ii)
(c) (i), (ii), (iii), (iv), (v)
(d) (iii), (v), (iv), (i), (ii)

**40.** निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द के स्वर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार नहीं हैं?
**[UP Police (Constable) 2019]**
(a) Aerious (b) Materious
(c) Imperious (d) Facetious

**41.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें जो सबसे पहले आएगा।
**[UP Police (Constable) 2019]**
refocus; refinery; reflexes; reflector
(a) refocus (b) refinery
(c) reflector (d) reflexes

**42.** अंग्रेजी शब्दकोश में निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तीसरे स्थान पर आएगा?
**[UPSSSC 2018]**
(a) Notorious (b) Natural
(c) National (d) Notional

**43.** निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर कौन-सा शब्द चौथे स्थान पर आएगा?
(i) Friend (ii) Fringe
(iii) Florist (iv) Frighten
(v) Future **[SSC (10+2) 2018]**
(a) Friend (b) Fringe
(c) Frighten (d) Future

**44.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित कीजिए तथा सबसे बाद में आने वाला शब्द ज्ञात कीजिए।
Leaf, Lean, Leave, Less
**[SSC (CGL) 2016]**
(a) Lean (b) Leave (c) Less (d) Leaf

**45.** यदि दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दाकोश के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो निम्न में से कौन-सा शब्द चौथे स्थान पर आएगा?
**[SSC (Steno) 2016]**
(a) Rain (b) Reef
(c) Ready (d) Rainbow

**46.** यदि दिए गए शब्दों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कौन-सा शब्द सबसे अन्त में आएगा?
अंकुरण, पेड़, पौधा, बीज **[SSC (CGL) 2016]**
(a) अंकुरण (b) पौधा
(c) बीज (d) पेड़

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (d) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (a) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (d) |
| 11. (b) | 12. (c) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (b) | 16. (a) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (c) |
| 21. (a) | 22. (d) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (a) | 26. (b) | 27. (d) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (c) |
| 31. (a) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (b) | 37. (d) | 38. (c) | 39. (d) | 40. (c) |
| 41. (b) | 42. (d) | 43. (b) | 44. (c) | 45. (b) | 46. (c) | | | | |

# संकेत एवं हल

**1.** (c) दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् होगा
चाबी → ताला → दरवाजा → कक्ष
(i) (iii) (ii) (iv)

**2.** (d) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
अंकुरण → पौधा → फल → बीज
(iv) (i) (iii) (ii)

**3.** (a) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
किसान → बीज → खेती (जुताई) → भोजन
(i) (ii) (iv) (iii)

**4.** (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
शैशव → बचपन → किशोरावस्था → प्रौढ़ता
(ii) (iii) (iv) (i)

**5.** (a) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
रूई → धागा → बुनाई → कपड़ा
(ii) (iv) (i) (iii)

**6.** (c) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
बीज → पौधा → फूल → फल
(iii) (i) (iv) (ii)

**7.** (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
उषाकाल → दोपहर → संध्या प्रकाश → रात्रि
(ii) (iii) (i) (iv)

**8.** (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
तालाब → नदी → समुद्र → महासागर
(ii) (iii) (iv) (i)

**9.** (a) दिए गए शब्दों का तर्कसंगत और अर्थपूर्ण क्रम निम्न है
सोना → सुनार → आभूषण
(ii) (iii) (i)
→ आभूषण की दुकान → दुल्हन
(iv) (v)

**10.** (d) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
शिक्षा → नौकरी → आय →
(iii) (v) (i)
रुतबा → तंदुरुस्ती
(ii) (iv)

**11.** (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्न है
लेखक → सम्पादक → प्रकाशक →
(iii) (iv) (ii)
मुद्रक → विक्रेता
(i) (v)

**12.** (c) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
घास → टिड्डा → मेंढक → साँप → गरुड़
(v) (iii) (i) (iv) (ii)

**13.** (c) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
ग्राम → जिला → राज्य → देश → महाद्वीप
(iv) (ii) (iii) (i) (v)

**14.** (d) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
मानसून → तूफान → वर्षा → बाढ़ → क्षति
(iv) (i) (ii) (iii) (v)

**15.** (b) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
बीमार → चिकित्सक → निदान →
(iii) (ii) (i)
इलाज → स्वास्थ्य-लाभ
(iv) (v)

**16.** (a) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
विज्ञापन → साक्षात्कार → चयन
(v) (ii) (iii)
→ नियुक्ति → परिवीक्षा (प्रोबेशन)
(iv) (i)

**17.** (c) दिए गए शब्दों का तार्किक एवं अर्थपूर्ण क्रम निम्न प्रकार है
बीमारी → डॉक्टर → रोग की पहचान →
(iv) (vi) (ii)
परामर्श → दवा → स्वास्थ्य लाभ
(iii) (i) (v)

**18.** (c) दिए गए शब्दों का तर्कसंगत और अर्थपूर्ण क्रम निम्न है
अक्षर → शब्द → वाक्यांश → वाक्य →
(iii) (ii) (iv) (vi)
अनुच्छेद → अध्याय
(v) (i)

**19.** (c) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
वर्षा → नदिका → सहायक नदी →
(vi) (i) (iii)
नदी → समुद्र → सागर
(iv) (v) (ii)

**20.** (c) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
गाय → दूध → दही → छाछ
(iv) (ii) (i) (iii)
→ मक्खन → घी
(vi) (v)

**21.** (a) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
जड़ → तना → शाखा → पत्ती →
(ii) (i) (v) (vi)
फूल → फल
(iv) (iii)

**22.** (d) शब्दों का सार्थक आरोही क्रम निम्नवत् है
कूटबद्ध करना → प्रेषण →
(ii) (i)
आदान (प्राप्ति) → कूटानुवाद
(iii) (iv)

**23.** (*d*) शब्दों का सार्थक आरोही क्रम निम्नवत् है
0640 घण्टे → 1335 घण्टे →
(i) (iii)
1930 घण्टे → 2000 घण्टे
(ii) (iv)

**24.** (*b*) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
क्लर्क → कलेक्टर → मुख्य सचिव →
(v) (i) (iii)
गवर्नर → राष्ट्रपति (वरीयता के अनुसार)
(ii) (iv)

**25.** (*a*) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
लैफ्टिनेन्ट जनरल → ब्रिगेडियर → कर्नल
(v) (iv) (iii)
→ मेजर → कप्तान (पद के अनुसार)
(i) (ii)

**26.** (*b*) शब्दों का सार्थक क्रम निम्नवत् है
महासागर → समुद्र → नदी →
(i) (iii) (v)
नदिका → हिमनदी
(ii) (iv)

**27.** (*d*) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न प्रकार है
Directional → Directive →
(iv) (iii)
Directorial → Directory
(i) (ii)

**28.** (*c*) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश क्रम निम्नवत् है
Necrology → Necromancy
(i) (ii)
→ Necrophilia → Necropolis
(iv) (iii)

**29.** (*b*) शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश क्रम निम्नवत् है
Impart → Important →
(ii) (i)
Improve → Improvise
(iv) (iii)

**30.** (*c*) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
Aquarium → Aquatic →
(ii) (iv)
Aqueous → Aquiline
(i) (iii)

**31.** (*a*) दिए गए शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर,
Pharmacy → Philosopher →
(ii) (i)
Piercing → Salesman → Saleswoman
(iii) (iv) (v)

**32.** (*a*) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
Dictonary → Dracula → Drink
(iv) (v) (i)
→ Drinking → Drive
(ii) (iii)

**33.** (*a*) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
Mandarin → Mandate → Master →
(iii) (ii) (v)
Mobile → Monkey
(i) (iv)

**34.** (*b*) दिए गए शब्दों का शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
Analyst → Analyze → Arrival →
(v) (i) (iii)
Assassination → Assignation
(iv) (ii)

**35.** (*c*) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
Feather → Feature → Feed head →
(ii) (iv) (iii)
Feminine → Fenestration
(v) (i)

**36.** (*b*) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
Bandage → Bangalore → Bangle
(iii) (v) (ii)
→ Banquet → Bantam
(i) (iv)

**37.** (*d*) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत् है
Literacy → Litter → Little → Live
(iv) (ii) (iii) (i)
→ Living
(v)

**38.** (*c*) दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार व्यवस्थित करने पर क्रम निम्नवत् है
Ambiguity → Ambiguous →
(iii) (ii)
Ambitious → Animals → Animation
(i) (v) (iv)

**39.** (*d*) सही अनुक्रम निम्न प्रकार है
Devine → Direct → Divest →
(iii) (v) (iv)
Divide → Division
(i) (ii)

**40.** (*c*) शब्द Aerious के स्वर अक्षरों का क्रम निम्न प्रकार है
E I O U
\+ + +
शब्द Materious के स्वर अक्षरों का क्रम निम्न प्रकार है
A E I O U
\+ + + +
शब्द Imperious के स्वर अक्षरों का क्रम निम्न प्रकार है
I E I O U
\- + + +
शब्द Facetious के स्वर अक्षरों का क्रम निम्नवत् है
A E I O U
\+ + + +
अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि शब्द Imperious के स्वर अक्षर अंग्रेजी वर्णमालानुसार क्रम में नहीं है।

**41.** (*b*) शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
refinery → reflector → reflexes
→ refocus
∴ अभीष्ट शब्द = refinery

**42.** (*d*) अंग्रेज़ी शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् है
National → Natural → Notional
→ Notorious
अतः तीसरे स्थान पर आने वाला अभीष्ट शब्द = Notional

**43.** (*b*) शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् होगा
Florist → Friend → Frighten → Fringe
→ Future
अतः शब्दकोश के अनुसार चौथे स्थान पर आने वाला शब्द Fringe होगा।

**44.** (*c*) दिए गए शब्दों का अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्न है
Leaf → Lean → Leave → Less
उपरोक्त से स्पष्ट है कि Less सबसे बाद में आने वाला शब्द है।

**45.** (*b*) अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार,
Rain → Rainbow → Ready → Reef
अतः अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार चौथे स्थान पर Reef आएगा।

**46.** (*c*) दिए गए शब्दों का अवरोही क्रम निम्न है
पेड़ → पौधा → अंकुरण → बीज
उपरोक्त से स्पष्ट है कि बीज सबसे अन्त में आएगा।